**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ______________________

 (Name) ______________________

2. (Signature) ______________________

 (Name) ______________________

**Roll No.** | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

**Roll No.** ______________________

(In words)

**Test Booklet No.**

**D—1007**

**PAPER—III**

# SOCIAL WORK

**Time : 2½ hours]** **[Maximum Marks : 200**

Number of Pages in this Booklet : **40** Number of Questions in this Booklet : **26**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. Answers to short answer/essay type questions are to be given in the space provided below each question or after the questions in the Test Booklet itself.

 **No Additional Sheets are to be used.**
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
 (i) To have access to the Test Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
 (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the question booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
4. Read instructions given inside carefully.
5. One page is attached for Rough Work at the end of the booklet before the Evaluation Sheet.
6. If you write your name or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
7. You have to return the Test booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
8. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
9. **Use of any calculator or log table etc. is prohibited.**
10. **There is NO negative marking.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. लघु प्रश्न तथा निबंध प्रकार के प्रश्नों के उत्तर, प्रत्येक प्रश्न के नीचे या प्रश्नों के बाद में दिये हुये रिक्त स्थान पर ही लिखिये।

 **इसके लिए कोई अतिरिक्त कागज का उपयोग नहीं करना है।**
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
 (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
 (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ / प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले ले। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
4. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
5. उत्तर-पुस्तिका के अन्त में कच्चा काम (Rough Work) करने के लिए मूल्यांकन शीट से पहले एक पृष्ठ दिया हुआ है।
6. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
7. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और इसे परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
8. **केवल नीले / काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें।**
9. **किसी भी प्रकार का संगणक ( कैलकुलेटर ) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
10. **गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।**

## SOCIAL WORK

## सामाजिक कार्य

## PAPER—III

## प्रश्न-पत्र—III

**NOTE:** **This paper is of two hundred (200) marks containing four (4) sections. Candidates are required to attempt the questions contained in these sections according to the detailed instructions given therein.**

नोट : यह प्रश्नपत्र दो सौ (200) अंकों का है एवं इसमें चार (4) खंड है। अभ्यर्थियों को इन में समाहित प्रश्नों का उत्तर अलग दिये गये विस्तृत निर्देशों के अनुसार देना है।

## SECTION - I

## खण्ड – I

**Note :** This section contains five (5) questions based on the following paragraph. Each question should be answered in about thirty (30) words and each carries five (5) marks.

**(5x5=25 marks)**

**नोट :** इस खंड में निम्नलिखित अनुच्छेद पर आधारित पाँच (5) प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में अपेक्षित है। प्रत्येक प्रश्न पाँच (5) अंकों का है।

**(5x5=25 अंक)**

Prohibition is a social security measure founded on moral and spiritual values. It seeks fulfilment of an ideal of making society free of all kinds of vices and exploitation. It is an instrument of law and order, saving the poor from social deprivation and health hazards. Ashoka, Akbar, Kautilya and Manu condemned drinks and drugs. In early India history, manufacture, transportation and sale of alcohol wasade a capital offence. In recent years, consumption of liquor has been showing an upward trend. Liquor industry has become a highly lucrative enterprise. Today all States except Gujarat have stepped out of prohibition. In research studies, tension, boredom and personal problems are stated as causes of alcohol and drug abuse.

Alcohol abuse creates inebriety, stupefaction and deterioration of intelligence., perversion and unhappiness. It creates social problems like family disruption, child neglect, industrial accidents, absenteeism and corruption.

An expert group has listed the following effects of alcohol on health.

- Liver damage.
- Damage to central nervous system affecting performance at typing, driving and skilled operations.
- Heart disease, malnutrition and stops formation of red blood cells.
- Diseases of muscles and digestion.
- Malnutrition.

In 1888, there was agitation against the British Government to ban alcohol manufacture and consumption by law. The British pleaded that alcohol earned excise revenue.

In 1906, Lokmanya Tilak launched a people's agitation by picketing liquor shops in Pune. In 1920, Mahatma Gandhi was instrumental to adopt prohibition as a constructive programme. Prohibition was not an isolated programme but a part of the general programme of social moral and spiritual uplift of India's freedom struggle. In 1937 the popular governments enacted comprehensive prohibition laws. These laws were annulled after the resignations in 1939.

Prohibition is a part of article 47 of Indian Constitution. Control of production and sale of liquor is a state subject under constitution.

The policy of prohibition is under suppression in the argument of increase in excise duty for the Governments.

Government resolved to enforce prohibition in 1978 but was withdrawn in 1980 under the pretext of loss of revenue.

The remedy shall lie in education and re-education of the nation and not merely closing down liquor shops. Social work should be effective by providing guidance and re-education as well as counseling in order to control the problems of alcohol dependence. The role of press in instructing and education of the masses is very important.

मद्यनिषेध सामाजिक सुरक्षा का एक उपाय है जो ठोस नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित है। वह एक ऐसे आदर्श की तलाश करता है जिसमें समाज सभी प्रकार की बुराइयों और शोषण से मुक्त हो। यह कानून और व्यवस्था का एक उपकरण है जो गरीबों को सामाजिक दुराचार एवं स्वास्थ्य के खतरों से बचाता है। अशोक, अकबर, कौटिल्य तथा मनु ने मद्यपान तथा नशीली दवाओं की भर्त्सना

की है और सड़क के किनारे इनकी बिक्री एक बड़ा अपराध था। हाल के वर्षों में शराब के सेवन में वृद्धि की प्रवृत्ति देखने को मिली है। शराब का उद्योग भारी मुनाफे का उद्योग बन गया है। आज गुजरात को छोड़कर प्रत्येक राज्य मद्य निषेध की नीति से अलग हो गया है। अनुसंधान अध्ययन बताते हैं कि तनाव, ऊब, और व्यक्तिगत समस्यायें शराब तथा नशीली दवाओं के सेवन का कारण बतायी जाती हैं। मद्य का अधिक प्रयोग, मतवालापन, जड़ता एवं बौद्धिक क्षति का कारण बनता है तथा उससे मानसिक विकृत और अप्रसन्नता घेर लेती है। इससे परिवारों का टूटना, बच्चों की उपेक्षा, औद्योगिक दुर्घटनायें, अनुपस्थिति की प्रवृत्ति तथा भ्रष्टाचार पनपते हैं।

एक विशेषज्ञ दल ने मद्यपान से स्वास्थ्य पर होनेवाले प्रभावों को सूचीबद्ध किया है।

- यकृत खराब होना
- केन्द्रीय स्नायु प्रणाली की क्षति होना जिससे गाड़ी चलाना, टाइप करना तथा अन्य कौशल प्रभावित होते है।
- हृदय रोग, कुपोषण तथा रक्तकोशिकाओं के बनने में रुकावट
- मांशपेशियों की बीमारी तथा पाचन क्रिया पर प्रभाव
- कुपोषण

1888 में ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध मद्य को तैयार करने तथा उपभोग करने के विरुद्ध नियम बनाने के लिए आंदोलन किया गया था। अंग्रेजों का तर्क था कि शराब की बिक्री से आबकारी कर मिलता है।

1906 में लोकमान्य तिलक ने पुणे में शराब की दुकानों के आगे धरना देकर जनता का आन्दोलन चलाया था। 1920 में महात्मा गाँधी मद्य निषेध को रचनात्मक कार्यक्रम के रूप में स्वीकार कर मद्य निषेध के कारक बने। मद्य निषेद एक अकेला कार्यक्रम नहीं था बल्कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के बृहत कार्यक्रम में सामाजिक, नैतिक और आध्यात्मिक उत्थान का अंग था। 1937 में लोकप्रिय सरकारों ने मद्य निषेध के विस्तृत नियम बनाये। 1939 के इस्तीफों के बाद ये नियम निरस्त कर दिये गये।

मद्य निषेध भारतीय संविधान की धारा 47 का अंग है। मद्य की बिक्री व निर्माण संविधान के अनुसार राज्य सरकारों के अधिकार में है।

सरकारों द्वारा आबकारी से आय वृद्धि के तर्क के आगे मद्य निषेध की नीति दबा दी गई है। सरकार ने 1978 में नशा बंदी को लागू करने का निश्चय कर लिया था लेकिन 1980 में इसे रेवन्यू के नुकसान की बात कहकर वापस ले लिया गया।

इसका निदान राष्ट्र की शिक्षा और पुनर्शिक्षा में है, खाली शराब की दुकाने बंद करने में नहीं। शराब पर निर्भरता से जुड़ी समस्याओं का प्रभावी समाधान लोगों को सही सलाह देने तथा दिशादर्शन से होगा। इस दिशा में जनता को शिक्षित करने, परामर्श देने तथा निर्देश देने में प्रेस की बहुत बड़ी भूमिका है।

***नीचे लिखे प्रश्नों का उत्तर दीजिए।***

**1.** What are the adverse effects of alcohol on individual, family and society ?
शराब के व्यक्ति, परिवार एवं समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों का वर्णन कीजिए।

2 What makes the Governmental agencies ambivalent about imposing prohibition ?

सरकारी अभिकारणों को मद्य निषेध लागू करने में क्या दुविधा की स्थिति पैदा करता है?

3. What are the measures to promote prohibition ?

मद्य निषेध को बढ़ाने के उपाय क्या हैं?

4. Discuss the efforts made by Lokmanya Tilak and Mahatma Gandhi to promote prohibition.

लोकमान्य तिलक और महात्मा गाँधी द्वारा मद्य निषेध के लिए किये गये प्रयासों का वर्णन कीजिए।

5. Give a suitable title to the above paragraph and give a justification in its favour.

उपरोक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए और इस शीर्षक के पक्ष में उपयुक्त तर्क दीजिए।

## SECTION - II

## खण्ड – II

**Note :** This section contains fifteen (15) questions each to be answered in about thirty (30) words. Each question carries five (5) marks.

**(5x15=75 marks)**

**नोट :** इस खंड में पंद्रह (15) प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में अपेक्षित है। प्रत्येक प्रश्न पाँच (5) अंकों का है।

**(5x15=75 अंक)**

**6.** State the milestones of the history of social work in India.

भारत में सामाजिक कार्यों के इतिहास में महत्वपूर्ण उपलब्धियों (माइलस्टोन) का वर्णन कीजिए।

7. Briefly explain the elements of Social Structure.
सामाजिक संरचना के तत्वों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

8. Explain in brief Ogburn's Theory of Culture Lag.
सांस्कृतिक पश्चता (लैग) के ओग्बर्न (Ogburn's) के सिद्धान्त की व्याख्या कीजिए।

9. Highlight the phases of human growth and development.

मानव वृद्धि एवं विकास के चरणों पर प्रकाश डालिए।

10. State the theories of personality development and list the defense mechanisms.

व्यक्तित्व विकास के सिद्धान्तों की व्याख्या कीजिए तथा रक्षायुक्ति (डिफेंस मिकैनिज़्म) को सूची बद्ध कीजिए।

11. Define "casework" and discuss the application of casework in problem solving process.

'केसवर्क' की परिभाषा दीजिए और समस्या समाधान में ''केसवर्क'' के अनु प्रयोग की चर्चा कीजिए।

12. Discuss the principle of "guiding group interaction".

''गाइडिंग ग्रुप इन्टरऐक्शन'' के सिद्धान्त की चर्चा कीजिए।

**13.** Explain the models/methods of Group Work Practice.

ग्रुप वर्क प्रैक्टिस (वर्ग कार्य अभ्यास) के नमूने तथा विधि की व्याख्या कीजिए।

**14.** Enlist the role of social worker in the Community Development Programmes with special reference to slum improvement.

स्लम (झुग्गी) सुधार के विशेष संदर्भ में सामुदायिक विकास कार्यक्रमों में सामाजिक कार्यकर्ता की भूमिका के बारे में बताइए।

15. Define with examples :

(a) Independent Variable and

(b) Dependent Variable

उदाहरणों को परिभाषित कीजिए।

(ए) स्वतंत्र परिवर्त (इंडिपेन्डेंट वैरियेबल)

(बी) आश्रित परिवर्त (डिपेन्डेंट वैरियेबल)

16. Compare "Questionnaire" and "Interview Schedule" as tools of data collection.

आँकड़े संकलन के उपकरण के रूप में 'प्रश्नावली' (क्वेशनायर) और 'साक्षात्कार कार्यक्रम' (इंटरव्यू श्येड्यूल) की तुलना कीजिए।

17. Enlist 5 (five) components of "Women Empowerment Policy in India".

भारत में महिला सशक्तिकरण नीति के पाँच घटकों की सूची बनायें।

18. Enlist the Social Assistance programmes in India for the Scheduled Castes and the scheduled tribes.

भारत में अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के लिए सामाजिक सहायता कार्यक्रम की सूची बनाइए।

**19.** Narrate the various Social Legislations pertaining to Physical Disability.

शारीरिक विकलांगता के लिए बनाये गये विभिन्न सामाजिक कानूनों का वर्णन कीजिए।

**20.** Enlist the eight Millennium Development Goals.

मिलीनियम के लिए रखे गये आठ लक्ष्यों को गिनाइए।

## SECTION - III

## खण्ड – III

**Note :** This section contains five (5) questions from each of the electives / specialisations. The candidate has to choose only one elective / specialisation and answer all the five questions from it. Each question carries twelve (12) marks and is to be answered in about two hundred (200) words.

**(12x5=60 marks)**

**नोट :** इस खंड में प्रत्येक ऐच्छिक इकाई/विशेषज्ञता से पाँच (5) प्रश्न हैं। अभ्यर्थी को केवल एक ऐच्छिक इकाई/विशेषज्ञता को चुनकर उसी में से पाँचो प्रश्नों का उत्तर देना है। प्रत्येक प्रश्न बारह (12) अंकों का है व उसका उत्तर लगभग दो सौ (200) शब्दों में अपेक्षित है।

**(12x5=60 अंक)**

### Elective - I
### Labour Welfare and Human Resource Management
### विकल्प – I
### श्रम कल्याण एवं मानव संसाधन व्यवस्था

**21.** Explain the concept and principles of Labour Welfare and Human Resource Management.
श्रम कल्याण एवं मानव संसाधन व्यवस्था की संकल्पना एवं सिद्धान्तों को स्पष्ट कीजिए।

**22.** Clarify the concept of "Collective Bargaining" and prepare an action plan to strengthen the process of Collective Bargaining in India.
''सामूहिक सौदाकारी'' की संकल्पना को स्पष्ट कीजिए और भारत में सामूहिक सौदाकारी की प्रक्रिया को सदृढ़ करने के लिए कार्य योजना बनाइए।

**23.** Discuss the effects of Indebtedness and Exploitation of Indian workers. Prepare an action to combat the problem of indebtedness of Indian workers.
भारत में श्रमिकों की कर्ज़दारी के प्रभाव तथा उनके शोषण पर चर्चा कीजिए तथा भारतीय श्रमिकों की कर्ज़दारी की समस्या से जूझने के लिए एक कार्य योजना बनाइए।

**24.** "Factories Act 1948 is a very good piece of social welfare legislation for Indian working class". Critically evaluate the statement.
''फैक्ट्री ऐक्ट 1948 भारतीय श्रमिक वर्ग के सामाजिक हितों के लिए एक बहुत अच्छा विधान है'' इस वक्तव्य की समीक्षा कीजिए।

**25.** "Social Work Approach knowledge and skills are essential for the welfare and development of Industrial Workers". Critically evaluate the statement highlighting functions of welfare officer in Industrial Settings.
''सामाजिक कार्य का ज्ञान और कौशल औद्योगिक श्रमिक के कल्याण और विकास के लिए अनिवार्य है'' – इस वक्तव्य का समीक्षात्मक मूल्यांकन कीजिए तथा औद्योगिक परिदृश्य में कल्याण अधिकारी के प्रकार्यों को दर्शाइए।

**OR / अथवा**

## Elective - II

## Medical and Psychiatric Social Work

## विकल्प – II

## चिकित्सा एवं मनोरोग संबंधी सामाजिक कार्य

**21.** Clearly explain the term "manic depressive psychoses", Bipolar mood disorder and state the symptoms and pre-morbid personality.

''उन्माद अवसाद चक्र'' (मैनिक डिप्रैसिव साइकोसिस) तथा ''द्विध्रुवीय मनस्थिति विकार'' (बाइपोलर मूड डिसआर्डर) शब्दों की व्याख्या कीजिए तथा ''पूर्व-रुग्ण व्यक्तित्व'' (प्रीमार्बिड पर्सनैलिटी) के लक्षणों का वर्णन कीजिए।

**22.** Clearly explain the term "mental health". State the factors that promote positive mental health and prevent mental sickness among young Indians.

''मानसिक स्वास्थ्य'' पद की स्पष्ट व्याख्या कीजिए तथा उन कारकों का वर्णन कीजिए जिनसे मानसिक स्वास्थ्य में वृद्धि होती है और जो युवा भारतीयों की मानसिक रुग्णता से रक्षा करती है।

**23.** Discuss the salient provisions of the Medical Termination of Pregnancy Act 1972. Explain how these provisions are beneficial to the health of women and families.

1972 के वैद्यकिय गर्भपात अधिनियम की प्रमुख धाराओंका विवेचन करें। यह धारायें महिलाओं के तथा पारिवारीक स्वास्थ्य के लिये किस प्रकार से लाभदायी है यह स्पष्ट कीजिए।

**24.** List out the programmes and methods of family planning in India. Explain the reasons for the ineffectiveness of family planning programmes in India.

भारत में परिवार नियोजन के कार्यक्रमों तथा विधियों को सूचीबद्ध कीजिए तथा भारत में जनसंख्या नियोजन कार्यक्रमों के प्रभावी न होने के कारणों की व्याख्या कीजिए।

**25.** Explain briefly why the average Indian population avoids quality treatment available in public hospitals.

सार्वजनिक अस्पतालों में उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा का लाभ लेने के प्रति औसत भारतीय जनसंख्या के उदासीन होने का संक्षेप में स्पष्टीकरण कीजिए।

**OR / अथवा**

## Elective - III
## Community Development
## विकल्प – III
## सामुदायिक विकास

**21.** Discuss on the techniques of people's participation in community development.
सामुदायिक विकास में जनता की प्रतिभागिता की तकनीक पर चर्चा कीजिए।

**22.** Explain the role of NGOs in promoting Tribal Development.
जनजाति के विकास में एन.जी.ओ. की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।

**23.** Draw a suitable rehabilitative programme for urban street children.
शहरी आवारा बच्चों के पुनर्वास के लिए उपयुक्त कार्यक्रम बनाइए।

**24.** Critically evaluate the functions and programmes of DRDA.
डी.आर.डी.ए. के कार्यक्रमों तथा प्रकार्यों का समीक्षात्मक ढंग से मूल्यांकन कीजिए।

**25.** Critically examine the Rural Employment Guarantee Scheme.
ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की समीक्षात्मक ढंग से मूल्यांकन कीजिए।

**OR / अथवा**

## Elective - IV
## Family and Child Welfare
## विकल्प – IV

**21.** Identify the indicators of women empowerment and state the avenues for socio-political participation of women in India.
महिलाओं को जिन सामाजिक-राजनैतिक स्थितियों में सफल होने के लिए सशक्त बनाने की आवश्यकता है, उन विभिन्न दिशाओं की सूची बनाइए। महिलाओं के सशक्तीकरण के मुख्य सूचक क्या है?

**22.** Clearly describe the functions of the Non-Governmental Agencies in youth work.
युवा कार्यों में गैर सरकारी अभिकरणों के प्रकार्यों का वर्णन कीजिए।

**23.** Describe the major provisions in the National Policy on older persons.
बुजुर्गों के लिए राष्ट्रीय नीति में प्रमुख्य प्रावधानों का वर्णन कीजिए।

24. Describe the ICDS programme and list out the six areas of work with children.
आइ.सी.डी.एस. कार्यक्रम का वर्णन कीजिए और बालकों के लिए कार्य के छ: क्षेत्रों को रेखांकित कीजिए।

25. Discuss the programmes on women and children promoted by National agencies.
महिलाओं और बच्चों के लिए राष्ट्रीय अभिकरणों द्वारा संवर्द्धित कार्यक्रमों का वर्णन कीजिए।

**OR / अथवा**

**Elective - V**

**Criminology and Correctional Administration**

**विकल्प – V**

**क्रिमिनोलॉजी ऐण्ड करेक्शनल ऐडमिनिस्ट्रेशन**

21. Define crime and explain the role of police to minimise the traffic and cyber crimes in the present situation.
अपराध की परिभाषा कीजिए तथा वर्तमान स्थितियों में साइबर अपराध एवं यातायात अपराधों को न्यूनतम करने में पुलिस की भूमिका की व्याख्या कीजिए।

22. Discuss the problems faced by the women offenders and what are the precautionary measures to be taken by the machinery for apprehension, custody and placement of female offenders in India.
भारत में महिला अपराधियों की समस्याओं की चर्चा कीजिए तथा प्रशासन की मशीनरी द्वारा महिला अपराधियों को पकड़ने, कस्टडी में लेने के लिए कौन सी सावधानियों की आवश्यकता है?

23. Explain the concept of crime and describe the main causes for crime.
अपराध की संकल्पना की व्याख्या कीजिए तथा अपराध के मुख्य कारणों का वर्णन कीजिए।

24. Define white-collar crime and discuss the effect of white-collar crime in the present society.
सफेद कॉलर अपराध का वर्णन कीजिए तथा वर्तमान समाज में सफेद (व्हाइट) कॉलर अपराध का क्या प्रभाव पड़ा है?

25. Describe the institutional and community based treatment for offenders and critically examine the functions of open air prisons.
अपराधियों के साथ समुदायगत एवं संस्थागत व्यवहार का वर्णन कीजिए तथा अपराधियों के लिए खुली जेल (ओपन एयर प्रिज़न) के प्रकार्यों की समीक्षा कीजिए।

## SECTION - IV

## खण्ड—IV

**Note :** This section consists of one essay type question of forty (40) marks to be answered in about one thousand (1000) words on any of the following topics. This question carries 40 marks.

**(40x1=40 marks)**

**नोट :** इस खंड में एक चालीस (40) अंको का निबन्धात्मक प्रश्न है जिसका उत्तर निम्नलिखित विषयों में से केवल एक पर, लगभग एक हजार (1000) शब्दों में अपेक्षित है।

**(40x1=40 अंक)**

**26.** Discuss the impact of Gandhian Philosophy on social work practice in India in general and prepare a social work intervention model on the issues related to poverty alleviation and rural development.
भारत में सामाजिक कार्यों की प्रथा पर गाँधी के दर्शन का आमतौर पर क्या प्रभाव पड़ा तथा गरीबी उन्मूलन और ग्रामीण विकास के मुद्दों पर एक सामाजिक कार्यों का हस्तक्षेप प्रतिरूप (इन्टरवेन्शन मॉडल) तैयार कीजिए।

**OR / अथवा**

Discuss the growth , progress and development India has achieved in the field of women powerment, specifically in between the International Year of Women 1975 and International Conference on Women in Beijing 2002. Suggest a plan of social work intervention to strengthen women empowerment.
महिलाओं सशक्तीकरण के क्षेत्र भारत ने जो विकास एवं प्रगति की है, उस पर चर्चा कीजिए विशेष रूप से अन्तर्राष्ट्रीय महिला वर्ष 1975 से बेइजिंग में सम्पन्न अंतर्राष्ट्रीय महिला सम्मेलन 2002 के बीच में महिलाओं सशक्तीकरण को सदृढ़ बनाने के लिए 'सोसल वर्क इन्टरवेन्शन' की योजना सुझाइए।

**OR / अथवा**

Discuss the effects of globalisation on industrial relations scene in India and suggest social work intervention and human resource management strategies for improving the conditions of industrial workers in India.
भारत में भूमंडलीकरण से औद्योगिक संबंधों पर पड़नेवाले प्रभाव की चर्चा कीजिए तथा औद्योगिक श्रमिकों की दशा सुधारने के लिए सोसल वर्क इंटरवेन्शन द्वारा मानव संसाधन प्रबंधन युक्तियाँ सुझाइए।

| FOR OFFICE USE ONLY | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Marks Obtained | | | | | | | |
| Question Number | Marks Obtained | Question Number | Marks Obtained | Question Number | Marks Obtained | Question Number | Marks Obtained |
| 1 | | 26 | | 51 | | 76 | |
| 2 | | 27 | | 52 | | 77 | |
| 3 | | 28 | | 53 | | 78 | |
| 4 | | 29 | | 54 | | 79 | |
| 5 | | 30 | | 55 | | 80 | |
| 6 | | 31 | | 56 | | 81 | |
| 7 | | 32 | | 57 | | 82 | |
| 8 | | 33 | | 58 | | 83 | |
| 9 | | 34 | | 59 | | 84 | |
| 10 | | 35 | | 60 | | 85 | |
| 11 | | 36 | | 61 | | 86 | |
| 12 | | 37 | | 62 | | 87 | |
| 13 | | 38 | | 63 | | 88 | |
| 14 | | 39 | | 64 | | 89 | |
| 15 | | 40 | | 65 | | 90 | |
| 16 | | 41 | | 66 | | 91 | |
| 17 | | 42 | | 67 | | 92 | |
| 18 | | 43 | | 68 | | 93 | |
| 19 | | 44 | | 69 | | 94 | |
| 20 | | 45 | | 70 | | 95 | |
| 21 | | 46 | | 71 | | 96 | |
| 22 | | 47 | | 72 | | 97 | |
| 23 | | 48 | | 73 | | 98 | |
| 24 | | 49 | | 74 | | 99 | |
| 25 | | 50 | | 75 | | 100 | |

Total Marks Obtained (in words) ....................................

(in figures) ....................................

Signature & Name of the Coordinator ...............................

(Evaluation) Date .............................